लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश

गौतम नगर भोपाल–462023
दूरभाष– +91,7552583660, ई–मेल dpi.atithi@gmail.com

क्रमांक / अतिथि शिक्षक / निर्देश / 2023 / 272 भोपाल, दिनांक 22-09-23

प्रति

1. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी।
2. समस्त संकुल प्राचार्य मध्यप्रदेश।

विषय :–शैक्षणिक सत्र 2023–24 में आमंत्रित अतिथि शिक्षकों की पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की जानकारी GFMS पोर्टल पर दर्ज करने विषयक्।

संदर्भ – अतिथि शिक्षक निर्देश क्र. 108 दिनांक 15.9.2023

उपरोक्त विषयांतर्गत शैक्षणिक सत्र 2023–24 में आमंत्रित अतिथि शिक्षकों की पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की जानकारी GFMS पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए गए है। पोर्टल पर यह कार्यवाही आज दिनांक 22.09.23 से आरंभ हो रही है। अतः निम्नानुसार कार्यवाही हेतु निर्देशित किया जाता है –

1. संकुल प्राचार्य आमंत्रित अतिथि शिक्षकों से पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण वर्ष–2018 / 2020 / 2023 की छायाप्रति प्राप्त कर रिकार्ड में संधारित करेंगें।
2. संकुल प्राचार्य जानकारी दर्ज करने के पूर्व यह सुनिश्चित करेंगें, कि अतिथि शिक्षक द्वारा म.प्र.शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018, 2020, 2023 उत्तीर्ण की हो। म.प्र.के राजपत्र क्र / 398, दिनांक 26.07.2022 के उप नियम–5 के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग EWS को न्यूनतम उत्तीर्ण अंक 50 प्रतिशत किये गये है। EWS प्रमाणपत्र धारी ऐसे अतिथि शिक्षक जिनकी मार्कशीट में **Not qualified** लिखा हो, किन्तु उनको 50 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हैं, ऐसे आवेदको से EWS प्रमाण पत्र प्राप्त कर उनकी जानकारी पोर्टल पर क्वालिफाइड मानकर अपडेट करें।
3. अतिथि शिक्षकों द्वारा उत्तीर्ण शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण में किसी एक वर्ग (उच्च वर्ग) / वर्ष की जानकारी ही दर्ज करें।
4. ज्वॉइन करायें गये अतिथि शिक्षकों की निम्नानुसार जानकारी अतिथि शिक्षक पोर्टल के ज्वॉइनिंग मॉड्यूल में दर्ज करें–
    1. क्या आमंत्रित अतिथि शिक्षक द्वारा पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की है (YES/NO)
    2. यदि हॉ तो पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष– 2018 / 2020 / 2023 एवं रोल नंबर
    3. पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण का वर्ग– 1 / 2 / 3
    4. आवेदक का प्रवर्ग (SC,ST,OBC,EWS,UR)
    5. आवेदक का जेंडर – (M/F)
    6. उत्तीर्ण पात्रता परीक्षा के प्राप्तांक

जिला शिक्षा अधिकारी अपने जिले के अधीनस्थ समस्त संकुलो से जानकारी दिनांक 30.09.2023 तक आवश्यक रूप से अतिथि शिक्षक पोर्टल पर दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

(अनुभा श्रीवास्तव) 22/9
आयुक्त
लोक शिक्षण,मध्यप्रदेश

लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश
गौतम नगर भोपाल–462023
दूरभाष– +91,7552583660, ई–मेल dpi.atithi@gmail.com

पृ. क्र./अतिथि शिक्षक/निर्देश/2023/273 भोपाल, दिनांक-22-09-23
प्रतिलिपिः–

1. कलेक्टर समस्त जिले मध्यप्रदेश।
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत समस्त जिले मध्यप्रदेश।
3. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश।
4. उप संचालक एम.पी.एस.ई.डी.सी. आई. टी. भवन अरेरा हिल्स भोपाल, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी,मध्यप्रदेश।

आयुक्त
लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश